प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए–

"आजकल बड़ी संख्या में बच्चे प्राइवेट या सरकारी बसों से विद्यालय जाते हैं। इससे बच्चों के माता–पिता को काफी सुविधा रहती है। वे बिना अधिक परिश्रम किए विद्यालय पहुँच जाते हैं। बच्चे स्कूल बस के समय के अनुसार प्रातः जल्दी उठकर नहाकर तैयार हो जाते हैं। नाश्ता करने के बाद स्कूल की बस पकड़ने के लिए बस स्टॉप पर पहुँच जाते हैं। विद्यालय पहुँचने पर बच्चे बस से उतरते हुए अपना सामान कुशलतापूर्वक अपने साथ ले जाते हैं। अपने काम को स्वयं करने के कारण वे ज़िम्मेदारियों को समझने लगते हैं।"

(1) बड़ी संख्या में बच्चे किस साधन द्वारा विद्यालय जाते हैं ?

बसो द्वारा ☐ साइकिल द्वारा ☐ कार द्वारा ☐

(2) बस से उतरते हुए बच्चे अपना सामान किस प्रकार ले जाते हैं ? 1

लापरवाहीपूर्वक ☐ कुशलतापूर्वक ☐ सावधानीपूर्वक ☐

(3) स्वयं काम करने के कारण कौन अपनी ज़िम्मेदारियों को समझने लगते है ?

माता–पिता ☐ बच्चे ☐ शिक्षक ☐

(4) गद्यांश से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।

....

(5) आप स्कूल कितनी बजे जाते हैं और कैसे ?

....

www.studiestoday.com